एक नजर में

आज आएंगे मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 12 सितंबर 2025 को सायं 4 बजे झाबुआ से रतलाम आएगे। सायं 4 बजे से 6 बजे तक कलेक्टोरेट सभागार में अतिवर्षा के कारण उत्पन्न स्थिति के संबंध में बैठक में सम्मिलित होगें। सायं 6 बजे रतलाम से इंदौर के लिए प्रस्थान करेगें।

मनीराम पटेल को ऑल इंडिया रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक

रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के वाणिज्य विभाग में कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत मनीराम पटेल ने 90वीं ऑल इंडिया रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर न केवल रतलाम मंडल बल्कि पश्चिम रेलवे का नाम भी गौरवान्वित किया है। यह चैंपियनशिप पूर्व रेलवे, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित की गई, जिसमें श्री पटेल ने 35 किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सराहनीय उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने उन्हें सम्मानित करते हुए भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) एवं सचिव, रतलाम मंडल खेलकूद संघ पीयूष पांडेय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी, वाणिज्य विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा मुख्य कल्याण निरीक्षक (खेलकूद) हरीश चांदवानी ने भी श्री पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

परीक्षण शिविर 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होंगे

रतलाम। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठाजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाते है। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा जिले में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत जिले के पात्र वरिष्ठजनों को लाभांवित किये जाने हेतु परीक्षण शिविर 15 सितंबर से 17 सितंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से आयोजित किये जायेंगे। 15 सितंबर 2025 को जनपद पंचायत कार्यालय रतलाम, सैलाना, बाजना, नगर निगम रतलाम, नगर परिषद नामली, नगर परिषद धामनोद, नगर परिषद सैलाना में शिविर आयोजित किये जायेंगे । 16 सितंबर को जनपद पंचायत कार्यालय जावरा, पिपलोदा, नगर परिषद जावरा, नगर परिषद पिपलोदा में शिविर आयोजित होगा। 17 सितंबर को जनपद पंचायत कार्यालय आलोट, नगर परिषद आलोट, नगर परिषद ताल, नगर परिषद बडावदा में शिविर आयोजित होगें। परीक्षण शिविर में वरिष्ठजनो (जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो) का परीक्षण किया जाएगा । परीक्षण शिविरो में उन लाभार्थीयों को ही सम्मिलित किया जाएगा, जिन्हें पिछले तीन वर्षो के दौरान किसी भी स्त्रोत से निशुल्क उपकरण प्राप्त नहीं हुए हैं । परीक्षण शिविर में आने वाले वरिष्ठजनों को साथ में आधार कार्ड की प्रति, आय प्रमाण पत्र (15 हजार प्रतिमाह से कम), समग्र आई डी, पासपोर्ट फोटो (2 प्रति मे) दस्तावेज आवश्यक रूप लाना होंगे।

किसान भाईयों को सलाह- उचित समय पर सोयाबीन फसल की कटाई करें

रतलाम। उपसंचालक कृषि श्रीमती नीलम सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि, सोयाबीन की खेती किये जाने वाले क्षेत्र में कृषकों द्वारा लगाई शीघ्र समयावधि में पकने वाली किस्में अब पकने की स्थिति में है। जबकि मध्यम एवं देर से पकने वाली किस्मों में दाने भरने की स्थिति में है। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि, सोयाबीन की शीघ्र पकने वाली किस्मों में 90 प्रतिशत फलियों का रंग पीला पडने पर फसल की कटाई कर सकते है। सोयाबीन की फलियों में दाने भरने या परिपक्वता की अवस्था में फसल पर होने वाली लगातार बारिश से दाने अंकुरित होने की संभावना हो सकती है। अत: उचित समय पर सोयाबीन फसल की कटाई करें। जिससे फलियों के चटकने से होने वाले नुकसान या फलियों के अंकुरित होने से बीज की गुणवत्ता में आने वाली कमी से बचा जा सके। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि, सोयाबीन की कटाई पश्चात् फसल को पक्के फर्श पर सुखाने के बाद गहाई करके मण्डी में अपनी उपज को ले जा सकते है। जिससे मण्डी में भाव अच्छा मिले।

भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण पर दी जाएगी विशेष छूट

रतलाम। मध्यप्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 को किया जाएगा । जिसमें आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत मे प्रिलिटिगेशन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान किया गया है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बी.एस.एन. के कार्यालय में भी 13 सितंबर 2025 के पूर्व भी सम्पर्क कर छूट का फायदा उठा सकते है।

पटेल कॉलोनी में श्री नवदुर्गा उत्सव समिति की नई कार्यकारणी का गठन

जावरा। श्री नवदुर्गा उत्सव समिति पटेल कॉलोनी का सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक कलमसिंह सिसोदिया, अध्यक्ष वीरेंद्रसिंह डोडिया, उपाध्यक्ष शिवराज सिंह तोमर एवं भद्रवीर सिंह पंवार, सचिव गिर्राजभट्ट एवं राजपाल सिंह डोडिया, सह-सचिव इंदरसिंह बरडिया, सुधीर पंवार, जगदीशचंद्र सोलंकी, मनोह सिंह मुजाल्दे, कोषाध्यक्ष भागीरथ मालवीय सह-कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, संयोजक दुर्गासिंह डोडिया, सह-संयोजक बीएस अलावा, गौतम जैन पुष्पेंद्र शिकारी के साथ सदस्यगण अशोक मुजाल्दे, रूपसिंह बास्केल, सरदार सिंह बघेल, अंकित तोमर, प्रताप सिंह सिसोदिया, राजाराम शिंदे, अंकित विजियावत, नटवर सिंह पंवार, रुद्र प्रताप सिंह चंद्रावत, विवेक लिंबोडिया, अनिल परिहार, पूनमसिंह आचाले, हिम्मतसिंह डोडिया एवं समस्त कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी उपाध्यक्ष शिवराजसिंह तोमर ने दी।

टेबल टेनिस मे रजत पदक, शतरंज में पाया प्रथम स्थान

जावरा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरम पहाड़िया रोड के विद्यार्थियों ने बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित टेबल टेनिस ओर शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए टेबल टेनिस मे तरुण वर्ग के रजत पदक प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में श्लोक संगीत्रा ने मालवा प्रांत में प्रथम स्थान पाया। 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर चेन्नई में अखिल भारतीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेगा। इसी के साथ टेबल टेनिस में भी तरुण वर्ग में अर्जुन चौहान का अखिल भारतीय में चयन हुआ। यह अखिल भारतीय प्रतियोगिता भागलपुर बिहार में 25 से 28 सितंबर तक आयोजित होगी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रेणुबाला शर्मा एवं विद्यालय के खेल शिक्षक अक्षय बैरागी और विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी।

दुकानों पर अमानक कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं का हो रहा विक्रय

नवभारत न्यूज

रतलाम। दुकानों पर अमानक कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं का विक्रय हो रहा। इस पर नाप तौल विभाग द्वारा 6 दुकानों पर अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया।

कलेक्टर राजेश बाथम एवं नियंत्रक नापतौल म. प्र. भोपाल द्वारा कृषक उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिये दिये गये निर्देश के पालन में निरीक्षक

नाप तौल विभाग द्वारा 6 दुकानों पर अपराध प्रकरण पंजीबद्ध

नापतौल भारत भूषण द्वारा तहसील सैलाना और शहर रतलाम स्थित खाद्य, बीज और कीटनाशक विक्रेता दुकानों पर विक्रय किये जा रहे कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाटीदार ट्रैडर्स हार्डवेयर एण्ड खाद्य भण्डार, तहसील-सैलाना, श्री बालाजी कृषि सेवा केन्द्र, तहसील-सैलाना, ईफ्को ई बाजार, तहसील-सैलाना, प्यारेनाथ एग्रो केयर, शहर-रतलाम, ऋषभ सीड्स एण्ड पेस्टीसाईड्स, शहर-रतलाम, वेदान्त एग्रो टेक, शहर-रतलाम दुकानों पर अमानक कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं को विक्रय हेतु रखने के कारण विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 के उल्लघंन और दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

टीम ने जब्ती की कार्रवाई की

उपरोक्त दुकानों से जप्ती किये कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं के निर्माता, पैककर्ता और विपणनकर्ता के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई है। भारत भूषण निरीक्षक नापतौल रतलाम ने कृषकों से आग्रह किया है कि बीज, कीटनाशक और कृषि दवाईयों के पैकेज बंद वस्तुओं को खरीदते समय निर्माता/पैककर्ता का नाम व पूर्ण पता, वस्तु का नाम, वस्तु की शुद्ध मात्रा, वस्तु का एम.आर.पी. (सभी करों सहीत), युनिट सेल प्राईज, उपभोक्ता शिकायत करने के लिये व्यक्ति अथवा कार्यालय का नाम, पता, टैलीफोन नंबर और ई-मेल पता के साथ-साथ एमआरपी से अधिक पर विक्रय करना या एमआरपी को काटकर/मिटाकर/ स्टीकर लगाकर बड़ाया गया हो तो विभाग को शिकायत कर सकतें है।

9 माह में पुलिस ने 6 हजार 55 लोगों से 16 करोड़ से अधिक की राशि के किए बाउंड ओवर

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में अपराध नियंत्रण, शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है

जिले में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था हेतु पुलिस सख्त

कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों, माहौल खराब करने वाले तत्वों एवं पूर्व में प्रतिबंधित अनावेदकों जो शर्तों का उल्लंघन कर पुन: अपराध में संलिप्त पाए जाते हैं के विरुद्ध कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2025 के केवल 8 महीनों में ही धारा 126, 135, 170, 129 बीएनएसएस के अंतर्गत कुल 21,345 प्रकरणों में 27,372 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर प्रकरण दर्ज प्रस्तावित किए गए। इनमें से 6,055 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगभग 16 करोड़ 54 लाख 89 हजार रुपए से अधिक राशि के अंतिम बाउंड ओवर कराए गए। पुलिस का यह सतत् अभियान जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में भी इसी प्रकार की प्रभावी कार्यवाहियां जारी रहेंगी।

थानों द्वारा हो रही कार्रवाई

एसपी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों, माहौल खराब करने वाले तत्वों एवं पूर्व में प्रतिबंधित अनावेदकों जो शर्तों का उल्लंघन कर पुन: अपराध में संलिप्त पाए जाते हैं के विरुद्ध कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कथा में नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के गूंजे जयकारे

नवभारत न्यूज

रतलाम। श्री गोवर्धन नाथ मंदिर बिचलावास में सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा चल रही है। शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज द्वारा श्राद्ध पक्ष में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा परिसर 'नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की' के जयकारों से गूंज उठा।

भागवत कथा का श्रवण पं. दीपक शर्मा द्वारा करवाया जा रहा है। समाज अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने बताया कि संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण पितरों के आशीर्वाद प्राप्त हेतु श्राद्ध पक्ष के पूर्वार्ध में हो रहा है।

कथा के चौथे दिन गुरुवार को देवासुर संग्राम का श्रवण कराने के बाद भगवान के वामन चरित्र का वर्णन किया गया। इसके बाद प्रभु के श्री राम चरित्र का वर्णन करने के पश्चात भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें छोटे बच्चे को श्रीकृष्ण रुप में सजाया गया। इसके पश्चात माखन मिश्री का भोग लगाकर आरती कर प्रसादी वितरित की गई। शुक्रवार को कथा के दौरान भगवान की लीलाओं का वर्णन और गोवर्धन पूजा होगी। उसके पश्चात भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

कलेक्टर के आदेश पर अधिकारी व अमला पहुंचा खेतों में

नवभारत न्यूज

सैलाना। अधिकारियों के साथ-साथ राजस्व तथा कृषि उद्यानिकी अमला भी प्रथक-प्रथक क्षेत्रों में पहुंच कर फसलों के हालात से रूबरू हो रहा हैं। अमला कलेक्टर राजेश बाथम के बाढ़ व प्राकृतिक प्रकोप से नष्ट हुई खरीफ फसलों के सर्वेक्षण के आदेश पर गुरुवार को खेतों में पहुंचा।

एसडीएम तरुण जैन, तहसीलदार कुलभूषण शर्मा, विभागीय अमले को लेकर गुरुवार दोपहर गांव करिया पहुंचे। इस दौरान नष्ट फसल को देखकर उपस्थित किसानो को आश्वस्त किया की पटवारी समुचित सर्वेक्षण कर नुकसानी की रिपोर्ट देंगे शासन की मंशानुसार नुकसानी का किसानो को राहत राशि के साथ

बीमा क्लेम भी मिलेगा। निरीक्षण के दौरान हल्का पटवारी कैलाशचंद्र खराड़ी सरपंच प्रतिनिधि दिनेश खराड़ी, उपसरपंच देवीलाल धबाई, पूर्व सरपंच हीरालाल निनामा, जगदीश पाटीदार, प्रेहलाद पाटीदार, दिनेश पटेल दिनेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे। इधर एसडीएम के निर्देश पर समीपस्त गांव अडवानिया में पटवारी अजय शिकारी ग्राम सेवक सुमन मईडा, हॉर्टिकल्चर अखिलेश पाटीदार पंचायत मंत्री अनिल साहू, रोजगार सहायक विनोद बामनिया गांव के खेत पर पहुंचा। दल ने नष्ट खरीफ फसल का सर्वेक्षण किया। इस दौरान देवचंद पाटीदार, छोगालाल पाटीदार, नंदकिशोर पाटीदार, भागीरथ पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, बाबूलाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

कल से सागोद पुलिया का चौडीकरण, आवागमन बंद

रतलाम। लोक निर्माण विभाग द्वारा सागोद रोड पर काम कल से शुरू किया जाएगा। इससे आवागमन बंद रहेगा। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग रतलाम ने बताया कि रतलाम-बाजना मार्ग पर शहर में स्थित सागोद पुलिया के चौडीकरण का कार्य किया जाना है जिस कारण 13 सितंबर 2025 से सागोद पुलिया से आवागमन पुर्णत: बंद किया जाएगा। भारी वाहनों का आवागमन नवीन रिंग रोड से परिवर्तित होगा तथा चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को ईश्वर नगर फाटक, रेल्वे अण्डर ब्रिज तथा सुभाष नगर रेल्वे पुल से डायवर्ट किया जाएगा। सागोद रोड की पुलिया छोटी होने से लगातार जाम की स्थिति बनती है और कई बार वाहन आमने-सामने हो जाते हैं।

निकलेगा छ:रि पालित पैदल संघ यात्रा

जावरा। मालवा का गौरव अष्टापदजैन तीर्थ से दिसंबर माह में 40 दिवसीय चतुविद छः रि पारित पैदल यात्री संघ तीर्थ प्रेरिका साध्वी प्रज्ञा श्रीजी एवं आचार्य श्री जिनपियूष सागर आदि ठाणा की निश्रा में एवं साधु साध्वी मंडल की उपस्थिति में निकालने के लिए बुधवार को ट्रस्ट अध्यक्ष जयंतीलाल दख के निवास पर उनकी अध्यक्षता में ट्रस्ट मंडल की बैठक हुई। जिसमें सर्वानुमति से संघ के व्यापक स्तर पर निकालने के लिए चर्चा की गई बैठक का संचालन सचिव रविंद्रसिंह श्रीमाल ने किया। इस दौरान संरक्षक आजादसिंह ददडा , राजमल धारीवाल, डॉ सुरेश मेहता, उपाध्यक्ष सुनील गांग , सुरेश डोषी, सहसचिव नितेश बांठिया, सहकोषाध्यक्ष पंकज मेहता, , कार्यकारिणी सदस्य सरदारमल चोरड़िया, महेंद्र चोपड़ा, सुनील चोपड़ा उपस्थित थे।

किसानों की समस्याओं को लेकर रैली निकाल ज्ञापन सौंपा

आलोट। किसान की समस्याओं को लेकर ब्लॉक और बरखेड़ा ब्लाक कांग्रेस रैली निकाली गई और ज्ञापन सौंप गया।

गुरूवार को सर्किट हाउस से रैली के निकाली। जो अनुभाग्य अधिकारी कार्यालय पर पहुंची, यहां सभा हुई। किसानों की फसलों मुआवजे की मांग, स्मार्ट मीटर मे अत्यधिक बिल आने, बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाने सहित अन्य मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोट गोवर्धन सिंह तंवर, ब्लॉक कांग्रेस बरखेड़ा नरवर सिंह गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान, जिला कांग्रेस के सचिव नागेश खारोल, पार्षदगण, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक पांचाल, किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमेश पाठक, अशोक खींची, अजय पंवार, राजू धाबी, राजू लॉद भी रैली को सम्बोधित किया। अंत में बडीया राठौर, नागुलाल सूर्यवंशी, रामचंद्र हाडा, अमीन भाई, गोवर्धन शर्मा, बाजपुर-तलोद से पूर्व सरपंच थान सिंह कंथारिया, बलवंत सिंह, रिचा सेनरेनद सिंह डोडिया, रघुवीर सिंह, जुझार लाल सेठिया, मुकेश सेन, राकेश आदि मौद थे।

जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

रतलाम। उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विधायक ग्रामीण मथुरालाल डामर उपस्थित रहे। अध्यक्षता महापौर प्रहलाद पटेल व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, एडीएम श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम रतलाम सिटी सुश्री आर्ची हरित, डीईओ श्रीमती अनीता सागर, एडी शिक्षा राहुल मंडलोई, एडीपीसी अशोक लोढ़ा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सुभाष कुमावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपेंद्र सिंह ठाकुर, सी.एम. राइस प्राचार्य संध्या वोहरा तथा प्राचार्य सुधीर गुप्ता उपस्थित रहे। विधायक मथुरालाल डामर ने कहा कि विद्यार्थियों को दी गई स्कूटी उनके शिक्षा और करियर की राह को सुगम बनाएगी। शासन की यह योजना बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। महापौर ने कहा कि रतलाम के होनहार विद्यार्थी नगर का गौरव हैं। ऐसी योजनाएँ उन्हें और अधिक प्रोत्साहित करेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार की यह योजना शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल है। विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और जिले का नाम रोशन करें, यही उद्देश्य है। डीईओ अनीता सागर ने कहा कि यह पहल शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम। एडीएम श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि यह योजना न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देती है।

इन्हें मिली स्कूटी

नगर के 8 शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों के कुल 13 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबियाँ सौंपी गई। इनमें उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम के अक्षत- राजेश कुमार भावसार और सुरभि- दिनेश गवली, शासकीय उ.मा. विद्यालय क्रमांक-1 रतलाम के महेश पोपंडिया, शासकीय नवीन कन्या उ.मा. विद्यालय रतलाम की रिहाना बानो, जवाहर उ.मा. विद्यालय रतलाम के अनुष्का डामोर और नरेंद्र निनामा, संदीपनी विद्यालय रतलाम के जीवराज और प्रिया राज पुरोहित, एमएलबी स्कूल रतलाम के खादिजा, नवीन विनोबा उमावि रतलाम के विष्णु देव और निकिता भगोरा, शासकीय दीनदयाल विद्यालय रतलाम के ललिता और मयूर को स्कूटी सौंपी।

160 किलोग्राम डोडाचूरा सहित कार जब्त, 1 गिरफ्त में...दूसरा चकमा देकर भागा

नवभारत न्यूज

जावरा/ढोढर। जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर धड़पकड़ करने के सख्त निर्देश के बाद एएसपी राकेश खाखा एवं एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रिंगनोद आनंदसिंह आजाद के नेतृत्व मे दिनांक उनि राजेश मालवीय द्वारा मुखबिर के सूचना के आधार पर एक क्रेटा कार को पिपलोदी के पास नाकाबंदी कर रोककर विधिवत तलाशी लेते कार के अंदर से 160 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त किया। उप निरीक्षक राजेश मालवीय को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक या दो व्यक्ति क्रेटा कार से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा लेकर मंदसौर से नगरी के रस्ते पिपलोदी होते हुए जावरा तरफ जा रहे है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा पिपलोदी के पास संदिग्ध कार को रोका गया। इस दौरान कार का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर कार से कूद कर भाग गया। पुलिस टीम द्वारा कार के पास जाकर देखा तो एक व्यक्ति ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठा था, जिसका नाम पता पूछने पर उसने सोहनलाल पिता हिरकनराम विश्नोई उम्र 25 साल नि. चेनपुरा जिला बाड़मेर राजस्थान का होना बताया। कार से निकलकर भागने वाले व्यक्ति का नाम कमलेश पिता पूनमाराम विश्नोई नि. चेनपरा बताया। कार की विधिवत तलाशी लेते ही कार के अंदर से 160 किलोग्राम डोडाचूरा मिला। आरोपी सोहनलाल से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के स्त्रोत के संबंध मे पुछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में उनि रघुवीर जोशी व थाना रिंगनोद पुलिस चौकी माननखेडा व पुलिस चौकी ढोढर टीम की सराहनीय भमिका रही है।

जंयती जल संसाधन मंत्री बोले: कालूखेड़ा के मार्गदर्शन में आज में मंत्री हु और उनके बताए रास्ते पर चलता रहूंगा

आज तुलसी जो भी है कालूखेड़ा की देन है: मंत्री सिलावट

नवभारत न्यूज़

कालूखेड़ा/जावरा । पूर्व मंत्री एव सांसद स्व महेंद्रसिंह कालूखेड़ा की 8 वी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने हिंगलाज माता चौराहा पर स्थित महेंद्रसिंह कालूखेड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुवे मंत्री सिलावट ने महेंद्रसिंह कालूखेड़ा के जीवन पर प्रकाश डालते हुवे कहा की आज तुलसी जो भी है कालूखेड़ा की देन है। कालूखेड़ा के मार्गदर्शन में आज में मंत्री हु और उनके बताए रास्ते पर हमेशा चलता रहूंगा। उन्होंने आगे कहा की जब भी कालूखेड़ा एवम आसपास के लोगो को मेरी आवश्यकता लगे तो मुझे याद करे में कालूखेड़ा की पूर्ति करने हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

कार्यक्रम में उपस्थित सांसद सुधीर गुप्ता ने भी महेंद्रसिंह कालूखेड़ा के किए कार्यो की सराहना की एव उनके सरल व्यक्तित्व का बखान किया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भी महेंद्र सिंह कालूखेड़ा की उपलब्धियों को गिनाया एवं उनके सरल व्यक्तित्व को लोगो के सामने रखा। जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडे ने भी कालूखेड़ा के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला एव उनके किए कार्यो की सराहना की और कहा की धन्य है कालूखेड़ा की भूमि जहा कालूखेड़ा ने जन्म लिया। कार्यक्रम में कालूखेड़ा के अनुज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केकेसिंह कालूखेड़ा, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पांडे, आलोट विधायक चिंतामन मालवीय, मंदसौर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, रतलाम भाजपा प्रभारी प्रदीप पांडे, पूर्व विधायक राजेंद्रसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक यसपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत, पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, पूर्व विधायक विजेंद सिंह मालहेड़ा, पूर्व विधायक राजेंद्र भारतीय, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, जिला मंत्री भाजपा कीर्तिशरण सिंह, संत कृष्णानंद ,संत मधुसुदनानंद , संत शिवानंद, संत नमन वैष्णव, संत प्रहलाद दास ,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कानसिंह चौहान उपस्थित थे।

शिविर में 150 की जांच

शिविर में 150 लोगो ने करवाई जांच-मेंदांता हॉस्पिटल इंदौर एवम पटेल कालेज जावरा द्वारा लगाए गए हृदय शिविर एवम आंखो की जांच में 150 लोगो ने अपनी जांच करवाई। राजपूत क्लब रतलाम द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन ग्राम पंचायत कालूखेड़ा में किया गया जिसके 69 यूनिट रक्तदान हुआ।